Roll No. .... Total Printed Pages - 6

F-3262

B.A. (Part-II) Examination, 2022

(Old Course)

HINDI LITERATURE

Paper First

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

Time : Three Hours] *[Maximum Marks:75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

इकाई-1

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः **21**

(क) सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त-प्रवाह हो,
गुण, शील, साहस, बल तथा सबमें भरा उत्साह हो।
सबके हृदय में सर्वदा समवेदना की दाह हो,
हमको तुम्हारी चाह हो, तुमको हमारी चाह हो।।

अथवा

सखि वसंत आया।
भरा हर्ष वन के मन
नवोत्कर्ष छाया।
किसलय-वसना नव-वय लतिका।
मिली मधुर प्रिय उतर तरू पतिका
मधुप-वृन्द बन्दी
पिक-स्वर नभ सरसाया।

(ख) अचिरता देख जगत् की आप
शून्य भरता समीर निःश्वास,
डालता पातों पर चुपचाप
ओस के आँसू नीलाकाश;
सिसक उठता समुद्र का मन
सिहर उठते उडुगन।

अथवा

मत व्यर्थ पुकारे शूल-शूल, कह फूल-फूल सह फूल-फूल।
हरि को हीं तल में बंद किए, केहरि के कह नख हूल-हूल।

कागों का सुन कर्तव्य राग, कोकिल काकलि को भूल भूल।
सुरपुर ठुकरा, आराध्य कहे तो चल रौरव के कूल कूल।।

(ग) पार्श्व गिरी का नम्र, चीड़ों में
डगर चढ़ती उमंगों-सी
बिछी पैरों में नदी, ज्यों दर्द की रेखा
विहग-शिशु मौन नीड़ों में
मैंने आँख भर देखा।

अथवा

मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति?
आत्मा का अपमान, प्रेत औ छाया से रति।
प्रेम-अर्चना यहीं, करे हम मरण को वरण?
युग-युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर?
मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर।

इकाई - 2

2. मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं में राष्ट्रीय चेतना का प्रखर स्वर मिलता है। इस पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

''निराला मूलतः विद्रोही कवि हैं।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

इकाई-3

3. ''सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं।'' इस कथन के आलोक में पंत के काव्य पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

प्रयोगवाद के प्रवर्तक कवि के रूप में अज्ञेय के योगदान की समीक्षा करें।

इकाई-4

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिएः **15**

(1) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की रचनागत विशेषताएँ।
(2) सुभद्रा सिंह चौहान की राष्ट्रीय भावना।
(3) श्रीकांत वर्मा की काव्य चेतना।
(4) छायावादी काव्य में प्रकृति-चित्रण।
(5) प्रगतिवाद की प्रमुख विशेषताएँ।
(6) नवजागरण काल की सामाजिक चेतना।

(7) मैथिलीशरण गुप्त की काव्य-भाषा।

(8) अज्ञेय की कविताओं में मूल स्वर और अनुभूति।

इकाई-5

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए **(कोई पंद्रह)** **15**

(1) 'प्रिय प्रवास' किसकी रचना है?

(2) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कहाँ हुआ था?

(3) अज्ञेय किस वाद के प्रवर्तक कवि हैं?

(4) 'झाँसी की रानी' किसकी प्रसिद्ध रचना है?

(5) प्रकृति का सुकुमार कवि कौन है?

(6) श्रीकांत वर्मा का जन्म कहां हुआ था?

(7) 'सरस्वती' पत्रिका का संपादक कौन था?

(8) 'तार सप्तक' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था?

(9) छायावादी कवियों के नाम लिखिए।

(10) निराला की किस कविता को 'हिंदी का अप्रतिम शोकगीत' कहा जाता है?

(11) 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास के रचनाकार कौन है?

(12) 'भारत-भारती' किसकी प्रसिद्ध रचना है?

(13) 'मुक्त छंद के प्रवर्तक' किस कवि को कहा जाता है?

(14) 'एक भारतीय आत्मा' नाम से कौन कवि प्रसिद्ध है?

(15) छायावादी काव्य का कालखंड कब से कबतक माना जाता है?

(16) 'रूपाभ' पत्र का संपादक कौन है?

(17) 'महाप्राण' किस कवि को कहा जाता है?

(18) हिंदी में प्रथम खड़ी बोली का महाकाव्य कौन है?

(19) 'मगध' किस कवि का प्रसिद्ध काव्य-संग्रह है?

(20) सुमित्रानंदन पंत के किसी एक महाकाव्य का नाम लिखिए।